Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com



Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779









# लेहरागागा क्षेत्र को 18.76 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात, ग्रामीण सड़क नेटवर्क होगा मजबूत



चंडीगढ़, मोहाली और ज़ीरकपुर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब प्रवर्तन निदेशालय (ED), आयकर विभाग और GST की संयुक्त टीमों ने कई बड़े रियल एस्टेट कारोबारियों और प्रॉपर्टी डीलरों के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू कर दी। सुबह तड़के शुरू हुई इस कार्रवाई ने पूरे ट्राइसिटी के रियल एस्टेट सेक्टर को झकझोर कर रख दिया। बताया जा रहा है कि एजेंसियों की यह कार्रवाई कथित मनी लॉन्ड्रिंग, फर्जी निवेश, टैक्स चोरी और जमीन खरीद-फरोख्त में बड़े पैमाने पर हुई अनियमितताओं से जुड़े मामलों को लेकर की गई है।

सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसियों को छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन से जुड़े दस्तावेज, कई बेनामी संपत्तियों के रिकॉर्ड, नकदी और महत्वपूर्ण डिजिटल सबूत मिले हैं। अधिकारियों ने कई ऑफिस, फार्महाउस और आलीशान आवासों में घंटों तक दस्तावेजों की जांच की। कुछ कारोबारियों से लंबी पूछताछ भी की गई। बताया जा रहा है कि कई कंपनियों के बैंक खातों और निवेश रिकॉर्ड की भी बारीकी से जांच की जा रही है।

इस कार्रवाई के बाद ट्राइसिटी के रियल एस्टेट कारोबारियों में डर और बेचैनी का माहौल देखा जा रहा है। कई बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलर अब जांच एजेंसियों के रडार पर बताए जा रहे हैं। प्रॉपर्टी बाजार में भी इस घटना के बाद चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। कई निवेशकों ने अपने प्रोजेक्ट्स और निवेश को लेकर चिंता जताई है।

राजनीतिक गलियारों में भी इस मामले ने हलचल बढ़ा दी है। विपक्षी दलों ने सरकार पर सवाल उठाते हुए पूरे रियल एस्टेट नेटवर्क की निष्पक्ष जांच की मांग की है। विपक्ष का कहना है कि यदि जमीन सौदों और निवेश में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है तो इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं सरकारी एजेंसियों का कहना है कि जांच पूरी तरह पारदर्शी तरीके से की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।


राजनीतिक गलियारों में भी इस मामले ने हलचल बढ़ा दी है। विपक्षी दलों ने सरकार पर सवाल उठाते हुए पूरे रियल एस्टेट नेटवर्क की निष्पक्ष जांच की मांग की है। विपक्ष का कहना है कि यदि जमीन सौदों और निवेश में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है तो इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं सरकारी एजेंसियों का कहना है कि जांच पूरी तरह पारदर्शी तरीके से की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।


## मानसून से पहले पंजाब सरकार अलर्ट, बाढ़ सुरक्षा के लिए 146 करोड़ रुपये जारी



चंडीगढ़, 31 मई: पंजाब सरकार ने आगामी मानसून सीजन के मद्देनज़र बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियां तेज कर दी हैं। राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्यभर में आपदा प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 146 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जारी की है।

मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सभी जिलों को पहले ही 100 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जा चुके हैं, ताकि किसी भी संभावित प्राकृतिक आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर सके। इसके अलावा बाढ़ रोकथाम और पूर्व तैयारियों के लिए 46 करोड़ रुपये अतिरिक्त स्वीकृत किए गए हैं।

इस राशि के तहत प्रत्येक जिले को 2 करोड़ रुपये दिए गए हैं|

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 15 महीने पूरे, पंजाब पुलिस ने 300 करोड़ की अवैध संपत्तियां की फ्रीज



चंडीगढ़, 31 मई: पंजाब में नशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान 'युद्ध नशों विरुद्ध' ने 15 महीने पूरे कर लिए हैं। इस दौरान पंजाब पुलिस ने केवल ड्रग्स बरामद करने तक सीमित न रहकर नशा तस्करी के आर्थिक नेटवर्क पर भी बड़ा प्रहार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि राज्यभर में करीब 750 नशा तस्करों की 300 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध संपत्तियां फ्रीज की गई हैं।

अभियान शुरू होने के बाद से पंजाब पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 46,937 एफआईआर दर्ज कर 65,884 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 2950 किलोग्राम हेरोइन, 792 किलोग्राम अफीम, 666 क्विंटल पोस्त, 71 किलोग्राम चरस, 986 किलोग्राम गांजा, 56 किलोग्राम आईस ड्रग और 55 लाख नशीली गोलियां बरामद की हैं। साथ ही 20 करोड़ रुपये की ड्रग मनी भी जब्त की गई।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर पंजाब ने रचा इतिहास, देश में सबसे कम तंबाकू सेवन दर दर्ज

चंडीगढ़/दिड़बा/लेहरागागा, 31 मई। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को लेहरागागा क्षेत्र में 18.76 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क एवं विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण संपर्क व्यवस्था को मजबूत करना, यातायात सुरक्षा बढ़ाना और हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्यभर में लगभग 40 हजार किलोमीटर सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के मिशन पर काम कर रही है। लंबे समय से उपेक्षित ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है ताकि गांवों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जा सके।

गांव डासका में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हरपाल सिंह चीमा ने बछुआना-बरेटा मार्ग को डासका और बहादुरपुर के रास्ते जोड़ने वाली 10.5 किलोमीटर लंबी सड़क को जनता को समर्पित किया। 7.15 करोड़ रुपये की लागत से इस सड़क की चौड़ाई 12 फुट से बढ़ाकर 18 फुट की गई है, जिससे यातायात बाधाएं और दुर्घटना की आशंकाएं काफी हद तक



कम होंगी।

उन्होंने 1.27 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित डासका-खत्री वाला 4 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा डासका-बहादुरपुर मार्ग पर डेरा बाबा धौला पीर तक जाने वाली 1 किलोमीटर लिंक सड़क 34.50 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

वित्त मंत्री ने बाघरोल और आसपास के गांवों में करीब 10 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। उन्होंने बताया कि बाघरोल से बुजरक तक 3 किलोमीटर सड़क 1.10 करोड़ रुपये तथा बाघरोल से बुर्ज टिल्ला और खेड़ी नगाइयां तक 2.35 किलोमीटर सड़क एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाई जाएगी।

चीमा ने बताया कि बाघरोल और बल्लमगढ़ को जोड़ने वाली 2.75 किलोमीटर सड़क पर 1.16 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। क्षेत्र में 70-80 वर्षों से उपेक्षित करीब 12 किलोमीटर कच्चे रास्तों को 5.25 करोड़ रुपये की लागत से पक्की सड़कों में बदला जा रहा है, जिससे ग्रामीण संपर्क व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार होगा।

उन्होंने एक नए पुल को भी जनता को समर्पित किया, जिससे दो प्रमुख गांवों के बीच आवागमन और परिवहन सुविधाएं बेहतर हुई हैं। साथ ही बाघरोल से खेड़ी दगाइयां तक लगभग 4 किलोमीटर सड़क और गांव फिरनी का निर्माण 1.83 करोड़ रुपये की लागत से जारी है, जबकि बाघरोल-कंगरोड़ी और कमालपुर मार्गों के चौड़ीकरण पर 4.50 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

## 'गैंगस्टरों पर वार' अभियान के 131वें दिन पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 139 गिरफ्तार



चंडीगढ़, 31 मई: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा है कि पंजाब सरकार का लक्ष्य राज्य को देश का अग्रणी शिक्षा केंद्र बनाना है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए कनाडा, ऑस्ट्रेलिया या अन्य देशों की ओर देखने की जरूरत न पड़े। चंडीगढ़ के टैगोर थिएटर में आयोजित 'सितारे ज़मीन पर' कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 8वीं, 10वीं और 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में शिक्षा क्षेत्र में हुए सुधारों के कारण पंजाब ने राष्ट्रीय शिक्षा रैंकिंग में केरल को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा के टॉपरों में लड़कियों का दबदबा रहा है, जो राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव का संकेत है।


भगवंत मान ने कहा कि सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया, शिक्षकों को फिनलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में प्रशिक्षण के लिए भेजा गया तथा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा करने पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि अब सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी किसी भी मंच पर अपनी बात रखने और मुख्यमंत्री से सवाल पूछने तक में संकोच नहीं करते।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष सरकारी स्कूलों के 359 विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा में सफलता हासिल की है, जो पंजाब की 'शिक्षा क्रांति' का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, विनम्रता और अपने अध्यापकों व माता-पिता का सम्मान बनाए रखने का आह्वान किया।

## मोहाली में मेयर पद को लेकर सियासी घमासान, चुनावी मुकाबले हुए हाई-प्रोफाइल

चंडीगढ़, 31 मई: पंजाब को गैंगस्टर मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'गैंगस्टरों पर वार' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 131वें दिन राज्यभर में व्यापक कार्रवाई करते हुए गैंगस्टरों के सहयोगियों से जुड़े चिन्हित ठिकानों पर 433 छापेमारी अभियान चलाए। यह विशेष अभियान 20 जनवरी 2026 को डीजीपी गौरव यादव द्वारा शुरू किया गया था और तब से सभी जिला पुलिस इकाइयां तथा एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (AGTF) मिलकर लगातार अभियान चला रही हैं।

पुलिस के अनुसार रविवार को चलाए गए ऑपरेशन के दौरान 139 लोगों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से पांच हथियार बरामद किए गए। अभियान की शुरुआत से अब तक कुल 32,927 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

Sun - 31 May - 2026 | Year - 01 | Issue - 56 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

herbegy™
Think pure think herbal

PREMIUM SPICES RANGE

Pure Spice. Rich Flavour.




PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:
727-515-0015